हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 यूपीआई भुगतान एवं 0.4 प्रतिशत एमडीआर वापिस लेने...



09 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता...



खबर संक्षेप

25 सितंबर को होगा सामूहिक वंदे मातरम

विदिशा। सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में बुधवार को नमामि भारतम सामूहिक वंदे मातरम गान कार्यक्रम को लेकर प्रेसवार्ता हुई। समिति सचिव उदय ढोली ने कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की जानकारी दी। प्राचार्य दिनेश शर्मा ने बताया कि 25 सितंबर को सुबह 11 बजे देशभर में एक साथ वंदे मातरम गान होगा। इसी क्रम में विद्यालय में विद्यार्थियों, आचार्य-दीदी और नागरिकों की सहभागिता से सामूहिक गान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रभक्ति, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। प्रेसवार्ता में विशाल भार्गव, शुभम चौहान और चेतना शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

किसान कांग्रेस विस अध्यक्ष बने महेंद्र किरार

विदिशा। ग्राम करैया निवासी किसान नेता महेंद्र सिंह किरार को विदिशा विधानसभा किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान की अनुशंसा पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने की। किरार सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान नेता हैं। वे जनपद पंचायत ग्यारसपुर में महिला एवं बाल विकास समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं और किसानों ने बधाई दी। विधानसभा क्षेत्र में स्वागत कार्यक्रमों की तैयारियां की जा रही हैं।

110 वर्ष की उम्र में मेहताब बी का निधन

कुरवाई। वार्ड 6 निवासी और शहर की सबसे बुजुर्ग महिलाओं में शामिल मेहताब बी का 110 वर्ष की



उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे दो बेटों, बेटियों, पोते-पोतियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण उन्हें क्षेत्र में विशेष सम्मान प्राप्त था। वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव में बढ़ती उम्र के बावजूद उन्होंने मतदान कर लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाई थी।

मिलावट की आशंका में कार्रवाई, अग्रिम आदेश तक खाद्य कारोबार पर रोक

श्याम डेयरी उद्योग पर खाद्य सुरक्षा टीम का छापा, 750 किलो घी व वनस्पति वसा जब्त

बुधवार को शहर में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने श्याम डेयरी उद्योग पर छापामार कार्रवाई की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। निरीक्षण के दौरान जांच पड़ताल करते हुए अधिकारियों की टीम।



विदिशा। फैक्ट्री में मिले कैमिकल की जांच करते हुए अधिकारी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संभागीय उड़नदस्ता टीम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को विदिशा की श्याम डेयरी उद्योग पर छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त मनोज पुष्प के आदेश और कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में की गई।

ईदगाह रोड स्थित मुखर्जीनगर में आरटीओ कार्यालय के सामने संचालित डेयरी उद्योग में खाद्य पदार्थों के निर्माण की प्रक्रिया और परिसर में रखी सामग्री की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान करीब 750 किलो घी और वनस्पति वसा जब्त कर इसकी कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। संभागीय उड़नदस्ता दल ने शाम करीब 5:30 बजे श्याम डेयरी उद्योग में अचानक निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार, परिसर में मानव उपयोग के लिए बहुउद्देशीय वनस्पति वसा का उपयोग कर घी और घी सदृश खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे थे। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में घी, वनस्पति वसा और अन्य खाद्य सामग्री मिली। मौके से करीब 40 किलो मक्खन एवं उप-उत्पाद, अरिहंत ब्रांड का गाय घी 15 किलो के 13 खुले पात्र, 15 किलो के 15 टिन तथा कामधेनु और देहाती घी की अलग-अलग पैकिंग में सामग्री मिली। इसके अलावा कामधेनु गोल्ड देसी भोग नाम से 450 मिलीलीटर की 132 नग और 200 मिलीलीटर की 76 नग बहुउद्देशीय वनस्पति वसा भी मिली। परिसर में पैकिंग मशीन, करीब 900 किलो क्षमता का घी संग्रहण टैंक और प्रसंस्करण से जुड़े उपकरण भी पाए गए। जांच के दौरान अधिकारियों ने कई कमियां दर्ज कीं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, प्रतिष्ठान के खाद्य सुरक्षा लाइसेंस में बहुउद्देशीय वनस्पति वसा के निर्माण अथवा उपयोग का उल्लेख नहीं मिला। लाइसेंस में दर्ज तकनीकी प्रभारी आनंद अग्रवाल भी निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित नहीं मिले। निर्माण स्थल के पास खाद्य रंग की बोतलें खुली अवस्था में मिलीं। अधिकारियों ने निर्माण परिसर में अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियां पाए जाने की बात भी कही।

कारोबार पर लगाई रोक, भाजपा के पूर्व पार्षद की बताई जा रही फैक्ट्री

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुदसिया ने गाय का मक्खन, गाय घी अरिहंत और कामधेनु घी के नमूने लिए। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कल्पना आरजिया ने अरिहंत घी, बहुउद्देशीय वनस्पति वसा और खुले घी के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। सभी नमूनों को नियमानुसार जांच के लिए भेजा जाएगा। कार्रवाई के बाद नायब तहसीलदार और टीम के सदस्यों की मौजूदगी में परिसर में रखी खाद्य सामग्री को एक कक्ष में रखवाकर सीलबंद कर दिया गया। जनहित में अमानक अथवा मिलावट की आशंका के आधार पर करीब 750 किलो घी और वनस्पति वसा जब्त की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अग्रिम आदेश तक खाद्य कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।



व्यापारियों ने मनाया नो यूपीआई दिवस, एक दिन के लिए क्यूआर कोड ढके

व्यापारियों ने दिनभर यूपीआई से लेन-देन नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के व्यापारियों ने बुधवार को 'नो यूपीआई दिवस' मनाया। यह विरोध 2 हजार रुपए से अधिक के पात्र यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत व्यापारी छूट दर लागू किए जाने के खिलाफ था। व्यापारियों ने दिनभर यूपीआई से भुगतान नहीं लिया। कई दुकानों पर क्यूआर कोड और भुगतान की सूचना देने वाले ध्वनि यंत्रों को काले कपड़े से ढक दिया गया।

ग्राहक वापस लौटे

यूपीआई से भुगतान नहीं होने के कारण ग्राहकों को परेशानी हुई। कई ग्राहकों के पास नकद रुपए नहीं थे। ऐसे में वे बिना सामान खरीदे ही दुकानों से लौट गए। व्यापारियों का कहना है कि यूपीआई को डिजिटल भुगतान के रूप में बढ़ावा दिया गया था। अब इस पर व्यापारी छूट दर लागू होने से कारोबारियों पर अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। उनका कहना है कि व्यापारी पहले से ही वस्तु एवं सेवा कर और आयकर सहित कई कर व शुल्क दे रहे हैं। नए शुल्क का असर छोटे और कम लाभ वाले कारोबारियों पर अधिक पड़ सकता है।

शुल्क वापसी की मांग

विदिशा चैंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री हृदेश कुमार सोनी ने बताया कि व्यापारी यूपीआई से भुगतान न लेकर अपना विरोध जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी चाहते हैं कि प्रस्तावित शुल्क वापस लिया जाए। व्यापारी घनश्याम बंसल ने कहा कि अतिरिक्त लागत का असर कारोबार पर पड़ सकता है। व्यापारियों को आशंका है कि लागत बढ़ने पर सामान की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।

15 अक्टूबर से लागू होगी नई व्यवस्था

15 अक्टूबर 2026 से 2 हजार रुपए से अधिक के निर्धारित व्यापारी-से-ग्राहक यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत व्यापारी छूट दर लागू होगी। यह शुल्क व्यापारी से लिया जाएगा, ग्राहक से नहीं। 2 हजार रुपए तक के व्यापारी-से-ग्राहक भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को भेजे जाने वाले यूपीआई भुगतान भी पहले की तरह निःशुल्क रहेंगे। 75 हजार रुपए या उससे अधिक के लेन-देन पर शुल्क की अधिकतम सीमा 300 रुपए प्रति लेन-देन होगी। छोटे कारोबारियों के लिए भी कुछ छूट का प्रावधान है।

आंदोलन की चेतावनी

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शुल्क वापस नहीं लिया गया तो यूपीआई के बहिष्कार का आंदोलन और बड़ा किया जा सकता है।

त्योहारों से पहले चाकूबाजी करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आगामी त्योहारों को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों और जुलूसों में हुड़दंग, लड़ाई-झगड़ा, चाकूबाजी व शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

पुलिस ने ऐसे 6 व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एएसपी मोनिका तिवारी व सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में प्रिंस राजपूत, अंकित चादर, ऋतिक रघुवंशी, संतोष कुशवाह, बिट्टू उर्फ पतिदेव और



रोहित साहू शामिल हैं। टीआई आनंद राज ने बताया कि जिन लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है उनमें प्रिंस राजपूत तलैया मोहल्ला अंकित शिक्षक कॉलोनी, ऋतिक रघुवंशी बंटी नगर, संतोष कुशवाह शंकरटीला मोहनगिरी, बिट्टू सुल्तानपुर, जिला रायसेन, हाल निवासी विदिशा, रोहित साहू उदय नगर कॉलोनी शामिल हैं।

नुकसान की सूचना 72 घंटे में दें किसान

विदिशा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित किसान प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 नंबर पर सूचना दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए किसानों को 14447 नंबर पर आधार नंबर से शिकायत दर्ज करें। आधार से जानकारी न मिले तो बैंक से पॉलिसी नंबर लेकर सूचना दें। शिकायत के बाद बीमा कंपनी 10 दिन में मौके पर सर्वे करेगी। किसान वाट्सएप नंबर 7065514447 से भी सूचना दे सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि नुकसान की सूचना में देरी न करें, ताकि समय पर सर्वे और पात्रता के अनुसार बीमा लाभ मिल सके।

70 वर्षीय मां को बेटा देता है धमकी, पुलिस पंचायत में 4 प्रकरणों की सुनवाई, समझाइश के बाद बनी सहमति

64 वर्षीय पिता ने बेटे पर चोरी और गाली-गलौज का लगाया आरोप, संवाद से सुलझे दोनों मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत में बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 4 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इनमें पारिवारिक विवाद और संपत्ति से जुड़े मामले सामने आए।

दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुलिस पंचायत की कोर कमेटी ने संवाद और समझाइश के जरिए विवादों का समाधान कराने का प्रयास किया। पहले मामले में 64 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी ने बेटे पर सोने का हार चोरी करने का आरोप लगाकर शिकायत की थी।



विदिशा। पुलिस पंचायत ने बुजुर्गों की समस्याएं सुनते हुए एएसपी मोनिका तिवारी।

सुनवाई के दौरान चोरी के आरोप से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला। बुजुर्ग ने बेटे पर गाली-गलौज करने और घर खर्च नहीं देने की बात भी कही। पूछताछ में मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा पाया गया। दोनों पक्षों को समझाइश देने के बाद बुजुर्ग ने संतोष जताया।

दूसरे मामले में 70 वर्षीय महिला ने बेटे पर धमकी देकर परेशान करने का आरोप लगाया। सुनवाई में मामला पारिवारिक संपत्ति के विवाद से जुड़ा मिला। कमेटी ने दोनों पक्षों को संपत्ति का वैधानिक तरीके से बंटवारा कराने और मां को परेशान नहीं करने की समझाइश दी। इसके बाद दोनों पक्षों में सहमति बन गई।

बैठक में डीके बाजपेयी, आरके कुलश्रेष्ठ, अजय टंडन, प्रमोद व्यास और डॉ. सचिन गर्ग मौजूद रहे। अन्य दो प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए अगली तारीख तय की गई।

हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई कार्रवाई एसडीएम ने प्राचार्य को सौंपी चाबियां

विदिशा। प्रशासन ने बुधवार को कनारा क्रिकेट ग्राउंड का अधिकार स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया। एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार प्रीतिपंथी और पुलिस बल की मौजूदगी कार्रवाई की गई। मैदान से जुड़े अलग-अलग स्थानों के ताले और उनकी चाबियां भी स्कूल के प्राचार्य को सौंप दी गईं। अब मैदान के उपयोग और व्यवस्थाओं को लेकर स्कूल प्रबंधन की भूमिका स्पष्ट हो गई है। एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि मैदान पर क्रिकेट प्रशिक्षण पहले की तरह जारी रहेगा। आम नागरिक भी मैदान का उपयोग कर सकेंगे, लेकिन स्कूल के बच्चों की खेल गतिविधियों और उनकी सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। क्रिकेट प्रशिक्षण से जुड़ी सुविधाएं और कोचिंग भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय साइन लैंग्वेज दिवस पर दिव्यांग छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय साइन लैंग्वेज दिवस के अवसर पर 23 सितंबर को दीक्षा निकेतन विशेष स्कूल, पुराना जिला अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विशेष विद्यालयों एवं छात्रावासों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग आयुषि गुप्ता ने सरस्वती पूजन कर किया। इसमें दीक्षा निकेतन विशेष स्कूल एवं छात्रावास, उम्मीद शिक्षण समिति विशेष स्कूल, आकांक्षा स्पेशल स्कूल तथा सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के विद्यार्थी और स्टॉफ शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. शोलू कांत, एडवोकेट मनु श्रीवास्तव सहित सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। दिव्यांग विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली और पेंटिंग बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को उपहार एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए संचार, शिक्षा, सहभागिता और समान अवसरों के महत्व का संदेश दिया गया।

आईटीआई ने किया 34 यूनिट रक्तदान

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय आईटीआई विदिशा ने सेवा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सहभागिता निभाई। संस्थान के स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थियों के सामूहिक प्रयास से 34 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान के साथ प्रशिक्षणार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए सामूहिक योग और ध्यान सत्र आयोजित किया गया। इसमें नियमित योग, ध्यान, मानसिक एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता सत्र भी हुआ। बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में बताया गया। नोडल प्राचार्या कविता रघुवंशी ने सक्रिय सहभागिता के लिए स्टाफ और प्रशिक्षणार्थियों का आभार जताया।

सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत की जांच करने पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार

तहसीलदार ने कहा रविवार से पहले किसानों को मिलेगा रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खबर का असर

कुरवाई तहसील के करैया टेकूं गांव में 21 फीट चौड़े सरकारी रास्ते पर हुए अतिक्रमण का मुद्दा हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया।

खबर का असर हुआ और एसडीएम मोतीलाल अहिरवार मौके पर जांच करने पहुंचे। उनके निर्देश पर एक घंटे बाद तहसीलदार संदीप शर्मा आए और ग्रामीणों से बात की। किसानों ने अपनी बात तहसीलदार के सामने रखी। रास्ते से अतिक्रमण



हटाने के 2022 के आदेश का हवाला देते हुए किसानों ने कहा की मात्र 6 फीट जगह बीच है। सरकारी रास्ता 21 फीट चौड़ा है। बारिश में ट्रैक्टर फंस जाते हैं तो उन्हे निकालने के लिए दूसरे वाहन को मोड़ने तक की जगह नहीं है। तहसीलदार संदीप शर्मा ने किसानों को आश्वासन दिया है कि रविवार से पहले इस समस्या को हल कर दिया जाएगा और सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। सालों से परेशानी भोग रहे किसानों के चहरे पर तहसीलदार के आश्वासन के बाद मुस्कान आ गई है। अब देखना यह है कि किसानों को अब तक मिले आश्वासनों में एक आश्वासन और जुड़ जाएगा या रास्ते से अतिक्रमण हटेगा।

बाढ़ वाले गणेश मंदिर में अखंड रामायण के समापन पर भंडारे का आयोजन

भंडारे में साधना सिंह ने कन्याओं को परोसा भोजन

पूर्णाहुति हवन और महाआरती के बाद भव्य भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के प्रसिद्ध श्री बाढ़ वाले गणेश मंदिर में गणेशोत्सव के अवसर पर धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद पूर्णाहुति हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद विधि-विधान से महाआरती की गई। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

हवन-पूजन और महाआरती के बाद मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। गणेशोत्सव के चलते मंदिर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के



विदिशा। अखंड़ रामायण पाठ के समापन पर पूजा अर्चना करते हुए साधना सिंह।

दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बाढ़ वाले गणेश मंदिर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह चौहान की विशेष आस्था से जुड़ा माना जाता है। गणेशोत्सव के दौरान मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। आयोजन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, सुमन सोनी, पंकड पांड़े, दिनेश कुशवाह, सुरेंद्र चौहान, रागिनी छत्रपाल शर्मा, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर नजर आया।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5850
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7730
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6705
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-8500
शरबती
न्यूनतम भाव-3545
उच्चतम भाव-5040
गेंहू
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3013
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2699
बटरी
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3960
मूंग
न्यूनतम भाव-3276
उच्चतम भाव-7320
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7750
मक्का
न्यूनतम भाव-1790
उच्चतम भाव-1996
धान
न्यूनतम भाव-2660
उच्चतम भाव-2855
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3601
धनिया
न्यूनतम भाव-12500
उच्चतम भाव-13200

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6594 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

गंजबासौदा। प्रगतिशील पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक 24 सितंबर को सुबह 11 बजे लोक निर्माण विभाग परिसर के पीछे हॉल में होगी। जिसमें 8 अक्टूबर को भोपाल में प्रस्तावित विशाल धरने की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा तय की जाएगी।
एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देना, 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनर्स को एक वेतनवृद्धि का लाभ एरियर सहित देना शामिल है। इसके अलावा पेंशनर की मृत्यु पर एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने, बेरोजगार बच्चों के लिए पीले राशन कार्ड की सुविधा और सीएम केयर योजना में शासकीय कर्मचारियों के समान एक प्रतिशत अंशदान लेने की मांग की गई। संगठन ने पेंशनर्स के हित में जारी शासकीय आदेशों का कड़ाई से पालन कराने और उनका निर्धारित समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई है। बैठक में भोपाल में होने वाले धरने में शामिल होने की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

मेंटेनेंस के चलते आज विद्युत प्रदाय रहेगा बंद

गंजबासौदा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुरुवार को 33 केव्ही विद्युत आपूर्ति, 220 केव्ही उपकेंद्र गंजबासोदा में जंपर एवं आवश्यक मेंटेनेंस कार्य हेतु सुबह 7 बजे से 9 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहेगा। विद्युत वितरण कंपनी ने विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य उक्त समय से पहले पूर्ण करने की अपील की है। मेंटेनेंस कार्य के चलते बेहलोट क्षेत्र, गोकुल धाम कालोनी, विशंभरा कालोनी, इमली चौराहा आरकेपुरम, लक्ष्मीनायण मंदिर गली, सुभाष निकेतन गली, बेहलोट बायपास रोड, चार खंबा गली, पूर्वी रेलवे कॉलोनी, स्वरूप नगर बेतोली फाटक एवं पबई मिक्स फीडर क्षेत्र प्रभावित होगा।

जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीम उपविजेता

गंजबासौदा। शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय विदिशा में जिला स्तरीय बैडमिंटन महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला एवं पुरुष टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा, शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय , शासकीय महाविद्यालय शमशाबाद, शासकीय एलबीएस महाविद्यालय सिरोंज, नवीन महाविद्यालय विदिशा, सेंटमैरी महाविद्यालय विदिशा तथा एसएसएल जैन महाविद्यालय विदिशा की टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में शासकीय महाविद्यालय लटेरी की टीम विजेता रही, जबकि नवीन महाविद्यालय विदिशा की टीम उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय विदिशा की टीम विजेता तथा शासकीय एसजीएस कॉलेज की टीम उपविजेता रही। महाविद्यालय के लिए यह विशेष उपलब्धि रही कि पुरुष वर्ग से एक तथा महिला वर्ग से तीन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

नियम ताक पर जिंदगी दांव पर....



यह कैसी बच्चों के साथ लापरवाही की सवारी

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग जयस्तंभ चौराहे पर गत दिवस दोपहर के समय एक अभिभावक बाइक पर तीन स्कूली छात्राओं को बैठाकर ले जाता नजर आया। दोपहिया वाहन पर चार सवारी, ऊपर से किसी के सिर पर हेलमेट नहीं। जरा सी असावधानी बड़ा हादसा बन सकती है। सवाल यह है कि बच्चों को संस्कार और सुरक्षा का पाठ पढ़ाने वाले अभिभावक ही जब यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाएंगे, तो बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। न हेलमेट, न संतुलन की परवाह। यह लाड़ नहीं, बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ है। थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है।
फोटोः राजा छारी

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आयुष्मान आरोग्य मंदिर मसूदपुर में 11 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति में भगवान धन्वंतरी के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दर्शना रघुवंशी ने पर्यावरण संरक्षण और औषधीय पौधों के महत्व का संदेश देते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में पांच औषधीय पौधों का रोपण किया। उन्होंने औषधीय पौधों के संरक्षण और दैनिक जीवन में उनके उपयोग के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। तत्पश्चात मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मसूदपुर एवं आसपास के ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और वजन की जांच की गई। स्वास्थ्य जांच के उपरांत जरूरत के अनुसार ग्रामीणों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भी औषधीय पौधों के महत्व एवं उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने पौधों के औषधीय गुणों और स्वास्थ्य में उनकी उपयोगिता को ध्यानपूर्वक समझा। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वास्थ्य जांच, निशुल्क दवा वितरण और औषधीय पौधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले इस आयोजन की ग्रामीणों ने सराहना की।

बासौदा व्यापार महासंघ ने प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

यूपीआई भुगतान एवं 0.4 प्रतिशत एमडीआर वापिस लेने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





सरकार द्वारा यूपीआई भुगतान पर 2000 रूपये से ऊपर के लेनदेन पर 0.4% एमडीआर लगाने का निर्णय लेने से व्यापारियों में आक्रोष है। बुधवार को बासौदा व्यापार महासंघ ने यूपीआई भुगतान पर एवं 0.4 % एमडीआर वापिस लेने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार रतिराम अहिरवार को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि विगत दिवस सरकार द्वारा यूपीआई भुगतान पर 2000 रूपये से ऊपर के लेनदेन पर 0.4% एमडीआर लगाने का निर्णय लिया गया है जिससे लगभग 80% व्यापारी इसके दायरे में आ जायेंगे। पिछले लगभग 5-6 वर्षों से यूपीआई सेवा को पूरी तरह इसे निःशुल्क रखकर डिजिटल इंडिया और कैश लेस इकोनामी को बढ़ावा दिया गया। लेकिन अब इस शुल्क को सीधे व्यापारी वर्ग पर डालने से छोटे दुकानदार फिर से नगदी लेनदेन की ओर लौटने को मजबूर हो सकते हैं। क्योंकि अनाज, किराना, पेट्रोल, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि अन्य व्यापार करने वाले छोटे व्यापारियों का मार्जिन ही लगभग 1% से 1.5% तक होता है। ऐसे में 0.4% का अतिरिक्त भार उनके लिये व्यापार करना मुश्किल कर देगा एवं अंत में यह भार ग्राहक पर ही आयेगा। बासौदा व्यापार महासंघ इस ज्ञापन के माध्यम से निवेदन करता है कि छोटे व्यापारियों एवं कम मार्जिन वाले व्यवसायों को ध्यान में रखते हुये इस निर्णय पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर इसे देश के करोड़ों व्यापारियों के हित में वापस लिया जाए, जिससे व्यापारी अपनी पूरी ईमानदारी एवं स्वाभिमान के साथ व्यापार कर सकें। इस दौरान व्यापार महासंघ के संरक्षक, पदाधिकारी एवं सभी संगठनों के अनेक व्यापारीगण उपस्थित थे।

नपा अमले ने मुक्तिधाम में सफाई के साथ किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर में विशेष स्वच्छता अभियान को गति देते हुए नगर के मुक्तिधाम परिसर में व्यापक साफ-सफाई और पौधारोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा ने मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण किया। स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने भी पौधे लगाए। अधिकारियों ने परिसर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को नियमित और बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। कचरा प्रबंधन और परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। नगर पालिका परिषद की सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा ने संस्था द्वारा स्वच्छता, जनजागरूकता और सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी की जरूरत उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर बनाना केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी जरूरी है। अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक नगर के विभिन्न शासकीय स्थलों और वार्डों में विशेष सफाई गतिविधियां जारी रहेंगी। सार्वजनिक स्थानों की सफाई, कचरा प्रबंधन, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन परिसर में संभाग स्तरीय शालेय खो खो प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ डॉल्फिन परिसर में अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, सदस्य राजेंद्र व्यास, अशोक अग्रवाल व राधा रघुवंशी उपस्थित थे। यह प्रतियोगिता 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं दोनों के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें भोपाल संभाग के राजगढ़, रायसेन, सीहोर, भोपाल और विदिशा जिले के बालक और बालिकाओं की टीम सहभागिता कर रही हैं। इस दौरान बाहर से पधारे खेल अतिथियों में भोपाल से स्पोर्ट्स टीचर संजय बाबर, सीहोर से संजय त्रिवेदी, राजगढ़ से भारत भैरवे, रायसेन से मोनिका जैन, विदिशा से पधारे अंबेश सोनी तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी उपस्थित थे। यह प्रतियोगिता स्कॉलर स्कूल के अनय शर्मा, नवोदय विद्यालय शमशाबाद के गजेंद्र दांगी, सीहोर के प्रबल अग्रवाल व सुनीता, भोपाल से पधारे तरुण, सेंट एसआरएस खेल प्रभारी कपिल गौड, नवांकुर खेल प्रभारी विजय शर्मा तथा डॉल्फिन क्रीड़ा प्रभारी गौरव भारद्वाज के द्वारा संपन्न कराई जा रही है। बालक वर्ग के फाइनल में विदिशा जिले ने रायसेन को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, नवांकुर विद्यापीठ के निर्देशक शैलेंद्र कुमार दीक्षित, प्राचार्य संदीप कुमार रावत, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। अतिथि संबोधन की श्रृंखला में नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने चले नवांकुर आगे आगे नारा प्रस्तुत किया। जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी ने असफलता पर खिलाड़ियों को निराश न होने की प्रेरणा दी। कपिल गौड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने राशन किट बांटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा ग्यारहवीं शरीफ का पर्व बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। सभी ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारा और तरक्की के लिए फातिहा ख्वानी और विशेष दुआ की। मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान चल रहा है। जिसमे मंच द्वारा भी सेवा के कार्यक्रम पूरे मास आयोजित किए जा रहे है। आज पूरे आलम मे ग्यारहवीं शरीफ ईद ऐ गौसिया आजम महापर्व पर्वाधिराज मनाया जा रहा है। बड़े पीर पीरान-ए-पीर दस्तगीर का पैगाम ही इंसानियत की खिदमत है। ग्यारहवीं शरीफ हमें सिखाती है कि भूखे को खाना खिलाओ और जरूरतमंद की मदद करो। इसी पैगाम को आगे बढ़ाते हुए आज यह सेवा कार्य किया गया है। कार्यक्रम मे मंच द्वारा जरूरतमंद और गरीब परिवारों को राशन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को जिला संयोजक सैयद शादाब अली, सरवर अली, शकील अहमद खान, काजी सैयद शोएब हुसैन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आरिफ खान, फरहान अली, सादिक खान, फारूख खान, फिरोज खान, अजीम खान, हसीन खान, हरिनारायण, शुभम व मंच के जिला, नगर, तहसील संयोजक, सहसंयोजक, महिला प्रकोष्ठ की सदस्य, युवा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन देश की खुशहाली व अमन चैन की दुआ के साथ हुआ।

भारी वाहनों के लिए रूट रहेगा डायवर्ट, सुरक्षा व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

नदी से 50 मीटर पहले ही प्रतिमा ले लेंगे कर्मचारी


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अनंत चतुर्दशी पर होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बेतवा नदी को प्रदूषण से बचाने और विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस बार छोटी और बड़ी प्रतिमाओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन नदी किनारे बनाए जा रहे कुंड में कराया जाएगा, जबकि बड़ी प्रतिमाओं को हाइड्रा की मदद से सीधे बेतवा नदी में उतारा जाएगा। श्रद्धालुओं को नदी या विसर्जन कुंड तक जाने की अनुमति नहीं होगी। कर्मचारी श्रद्धालुओं से प्रतिमाएं लेकर उन्हें निर्धारित विसर्जन स्थल तक पहुंचाएंगे। मंगलवार को एसडीएम अनुभा जैन, तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा और उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने बेतवा नदी स्थित विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात. बिजली, बैरिकेडिंग और प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था पर चर्चा की। नगर पालिका द्वारा नदी किनारे करीब 15 फीट लंबा, 10 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा कुंड तैयार करा रही है। छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन इसी कुंड में कराया जाएगा। श्रद्धालुओं को कुंड तक जाने की अनुमति नहीं होगी। नदी में सीधे प्रतिमा विसर्जन पर भी रोक रहेगी। चल समारोह के साथ आने वाली प्रतिमाओं को नदी से करीब 50 मीटर पहले ही कर्मचारियों को सौंपना होगा। इसके बाद नगर पालिका के चार वाहनों से प्रतिमाओं को कुंड या निर्धारित विसर्जन स्थल तक पहुंचाया जाएगा। बड़ी प्रतिमाओं को हाइड्रा की सहायता से पुल से नदी में उतारा जाएगा। विसर्जन दोपहर से शुरू होकर देर रात तक चलने की संभावना है। इसे देखते हुए घाट और आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। नगर पालिका के कर्मचारी भी मौके पर तैनात रहेंगे। एसडीएम, तहसीलदार और एसडीओपी सहित अन्य अधिकारी समय-समय पर व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। बड़ी संख्या में प्रतिमाओं के कारण विसर्जन के दौरान घाट और पुल क्षेत्र में भीड़ का दबाव बढ़ जाता है।
इसी को देखते हुए इस बार प्रतिमाओं को नदी तक सीधे ले जाने की जगह नियंत्रित तरीके से विसर्जन कराने की व्यवस्था की गई है। विसर्जन के दौरान पुल और बेतवा घाट क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इन्हें बरी घाट-बेतवा मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य विसर्जन के दौरान भीड़, यातायात और नदी की सुरक्षा को नियंत्रित रखना है।

पाठशाला के बच्चों ने दीं मनोहारी प्रस्तुतियां

गंजबासौदा। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्टेशन में इन दिनों धार्मिक गतिविधियों के साथ बच्चों में धर्म और संस्कारों के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की जाती है। इसके बाद धार्मिक वातावरण में सायंकालीन आरती होती है। आरती के पश्चात भगवान महावीर विहार में संचालित वीर सागर पाठशाला में बच्चों को जैन धर्म, संस्कारों और जीवन मूल्यों से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में पाठशाला के बच्चों के लिए धार्मिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए धार्मिक गीतों और भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान महावीर के अहिंसा, संयम और आत्मकल्याण के संदेश को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की भावपूर्ण और आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित समाजजनों एवं श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। हर प्रस्तुति के बाद तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह बढ़ता रहा।

दस धर्मों में उत्तम त्याग धर्म का विशेष महत्व



गंजबासौदा। जैन धर्म के अनुसार त्याग केवल बाहरी वस्तुओं को छोड़ने का नाम नहीं है, बल्कि मन में उत्पन्न होने वाले राग, द्वेष, मोह, क्रोध, मान और लोभ जैसे विकारों का त्याग करना ही सच्चा त्याग है। जब मनुष्य अपनी आसक्ति और इच्छाओं पर संयम रखता है, तब आत्मा की शुद्धि की दिशा में आगे बढ़ता है। उत्तम त्याग धर्म हमें अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान, परोपकार, सेवा और संयम का भाव अपनाने की प्रेरणा देता है। धन, वस्तु या भोजन का त्याग तभी सार्थक माना जाता है, जब उसके साथ अहंकार का त्याग भी हो। जैन दर्शन में त्याग को आत्मकल्याण का महत्वपूर्ण साधन माना गया है, क्योंकि त्याग के माध्यम से व्यक्ति बाहरी संग्रह के साथ-साथ भीतर के विकारों से भी दूर होने का प्रयास करता है। उत्तम त्याग धर्म का संदेश है कि जीवन में आवश्यकताओं को सीमित करते हुए दूसरों के हित के लिए आगे बढ़ें और अपनी आसक्ति को कम करें। वास्तविक त्याग वही है, जो आत्मा को निर्मल बनाए, कर्मों की निर्जरा में सहायक बने और व्यक्ति को मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करे। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में आचार्य वीर सागर पाठशाला के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर नाटक का मंच हुआ बड़े ही उत्साह उमंग के साथ हुआ। जैन वीरांगना रानी अबक्का पर आधारित भव्य नाटक का दो दिवसीय आयोजन होगा। उक्त जानकारी सकल जैन समाज के मंत्री सतीश जैन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन गोकुल द्वारा दी गई।

25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय वस्तु पर विकासखंड स्तरीय चित्रकला-पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय सिरोंज में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न संकुल केंद्रों से चयनित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से भविष्य के भारत की तस्वीर को चित्रों के जरिए उकेरा। प्रतियोगिता में विकासखंड के 8 संकुल केंद्रों से चयनित 8 विद्यालयों के कुल 11 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय को केंद्र में रखते हुए शिक्षा, विकास, पर्यावरण, तकनीक, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न विषयों को अपनी चित्रकला में स्थान दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से अपने सपनों के भारत को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। विकासखंड स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए गए 11 चित्रकला-पेंटिंग का चयन किया गया। चयनित सभी छात्र-छात्राएं आगामी 26 सितंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय चित्रकला-पेंटिंग प्रतियोगिता में विकासखंड सिरोंज का प्रतिनिधित्व करेंगे।

8 संकुल केंद्रों से चयनित 11 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा, जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

इन विद्यार्थियों का हुआ चयन

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शासकीय सांदीपनि विद्यालय से अजय प्रजापति, निकुंज अवस्थी एवं लक्की यादव, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से आस्था यादव, शासकीय हाई स्कूल बांसखेड़ी असपाल से रागिनी राजपूत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरेंठा से संजना धाकड़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगवंतपुर से वेदिका दांगी एवं ईशा केवट, शासकीय हाई स्कूल इकलौद से हर्षित कुशवाह, शासकीय हाई स्कूल नरखेड़ा जागीर से सत्यम लोधी तथा शासकीय हाई स्कूल टोरी बागरोद से शिवम अहिरवार का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रतीक मेहरा सहित उमेश सोनी,प्राचार्य महेष तामकार,सीपी साहू,संजीव माथुर, भारती सक्सेना, सुरेश जैन, सोनू श्रीवास्तव, राजेश भार्गव एवं मानसी गुप्ता सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक प्रतिभा और देश के भविष्य को लेकर अपने विचार चित्रों के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर मिला।

सात्विक शर्मा ने 'हनुमान अंश' में शुभंकर का किरदार निभाकर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

फिल्मी पर्दे पर सिरोंज के लाल ने बिखेरा अभिनय का जलवा, नगर आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज क्षेत्र के ग्रामीण अंचल ग्राम भौरिया निवासी अभिषेक शर्मा के 8 वर्षीय सुपुत्र सात्विक शर्मा ने इतनी कम उम्र में अभिनय के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बाल कलाकार सात्विक शर्मा आज सिरोंज आगमन करेंगे। उनके नगर आगमन को लेकर परिजनों, परिचितों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर नगर के छत्री नाका चौराहा स्थित गोपाल शर्मा एवं अवध शर्मा के निवास पर बाल कलाकार सात्विक शर्मा के सम्मान एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। मात्र 8 वर्ष की उम्र में सात्विक शर्मा ने फिल्म जगत में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए फिल्म ह्यहनुमान अंशह्न में शुभंकर का किरदार निभाया है। फिल्म में उन्होंने अपने शानदार अभिनय, प्रभावशाली संवाद अदायगी और सहज भाव-भंगिमाओं से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। छोटी सी उम्र में कैमरे के सामने पूरे आत्मविश्वास के साथ अभिनय करना सात्विक की मेहनत, लगन और प्रतिभा को दर्शाता है।

8 वर्ष की उम्र में अभिनय के क्षेत्र में बनाई अपनी पहचान



वहीं सात्विक शर्मा की इस उपलब्धि से उनके पिता अभिषेक शर्मा सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। ग्राम भौरिया और सिरोंज क्षेत्र के लोगों में भी अपने क्षेत्र के इस नन्हे कलाकार को लेकर उत्साह है। लोगों का कहना है कि सात्विक ने महज 8 वर्ष की उम्र में जिस तरह अभिनय के क्षेत्र में कदम रखते हुए अपनी पहचान बनाई है। वह निश्चित रूप से गौरव की बात है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर फिल्म जगत में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले सात्विक शर्मा आज जब सिरोंज पहुंचेंगे तो नगर में उनका स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। छत्री नाका चौराहा स्थित गोपाल शर्मा एवं अवध शर्मा के निवास पर आयोजित होने वाले समारोह में परिजन, शुभचिंतक, समाजजन एवं नगरवासी उपस्थित होकर बाल कलाकार का उत्साहवर्धन करेंगे। क्षेत्रवासियों ने सात्विक शर्मा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों का कहना है कि सात्विक ने कम उम्र में ही अभिनय के क्षेत्र में जिस तरह अपनी पहचान बनानी शुरू की है, उससे आने वाले समय में वह सिरोंज और मध्यप्रदेश का नाम और अधिक रोशन कर सकते हैं। सात्विक की यह उपलब्धि क्षेत्र के उन बच्चों के लिए भी प्रेरणादायक है, जो अपनी प्रतिभा को बड़े मंच पर पहचान दिलाने का सपना देखते हैं।

कई फिल्मों और धारावाहिकों में कर चुके हैं अभिनय


सात्विक शर्मा का अभिनय सफर यहीं तक सीमित नहीं है। इतनी कम उम्र में ही वह विभिन्न फिल्मों एवं धारावाहिकों में अभिनय कर चुके हैं। अभिनय के प्रति उनकी रुचि और आत्मविश्वास को देखते हुए परिवार ने भी उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया। सात्विक ने अपने अभिनय से यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या विशेष पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं होती। ग्रामीण अंचल से निकलकर भी मेहनत और लगन के दम पर बड़े मंच पर पहचान बनाई जा सकती है। फिल्म ह्यहनुमान अंशह्न में शुभंकर के किरदार में सात्विक के अभिनय को क्षेत्र के लोगों द्वारा विशेष रूप से सराहा जा रहा है। फिल्म में उनकी संवाद अदायगी और अभिनय की चर्चा होने के बाद ग्राम भौरिया सहित पूरे सिरोंज क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सात्विक की सफलता को क्षेत्र के लिए गौरव की बात माना जा रहा है।

श्रद्धालुओं की सेवा करते नजर आए विधायक उमाकांत शर्मा

जल झूलनी एकादशी पर गणेश अथाई में शर्मा परिवार ने किया डोलों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जल झूलनी एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को शहर में धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान के डोले विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के साथ निकाले गए, जो देर शाम पचकुइया घाट पहुंचे। डोलों के आगमन को लेकर शहर में पूरे दिन उत्साह बना रहा और देर रात तक बाजारों में चहल-पहल दिखाई दी। नगरपालिका प्रशासन द्वारा पचकुइया घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष साफ-सफाई, साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई थीं। जल झूलनी एकादशी के अवसर पर गणेश अथाई पर शर्मा परिवार द्वारा शहर से निकले सभी डोलों का धर्माचार्य पंडित नालिनी कांत शर्मा सहित परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा श्रद्धा और परंपरा के साथ स्वागत किया गया। यहां डोलों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा भी श्रद्धालुओं के बीच मौजूद रहे। खास बात यह रही कि विधायक उमाकांत शर्मा यहां जनप्रतिनिधि के साथ-साथ एक सेवक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की और आयोजन में शामिल लोगों के साथ आत्मीयता से समय बिताया।



गणेश अथाई पर दिखाई धार्मिक-सांस्कृतिक झांकी

गणेश उत्सव समिति गणेश अथाई द्वारा गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की रात्रि गणेश अथाई परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गीतों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी में बाल कलाकारों ने अपने सुंदर अभिनय और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान गणेश अथाई परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। धार्मिक वातावरण और आकर्षक प्रस्तुतियों के चलते देर रात तक गणेश अथाई में लोगों की भीड़ बनी रही। आयोजन में बड़ी संख्या में शहरवासी एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई 2.113 किलो गांजा सहित आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिरोंज श्रीमती सोनू डावर के मार्गदर्शन में थाना सिरोंज पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बिक्री की तैयारी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 113 ग्राम गांजा सहित कुल 1,56,900 कीमत का मशरूका जप्त किया है।

थाना सिरोंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सिरोंज-अयोध्या बस्ती की पहाड़ी पर एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई के लिए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 2 किलो 113 ग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 28,500, एक मोटरसाइकिल कीमत 1,25,000, इलेक्ट्रिक तोल कांटा कीमत 500 रूपया एवं 2,900 नगद बरामद हुए। कुल 1,56,900 कीमत का मशरूका विधिवत जप्त किया गया। वही मामले में थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 448/26, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी नगर के अयोध्या बस्ती निवासी सोनू कुषवाह को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल कराया गया।

28 सितंबर को सागर में होगा युवा संगम

सागर। कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 28 सितंबर को प्रातः 11 बजे शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सागर परिसर में किया जाएगा। युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला एवं अप्रेंटिसशिप मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर विभिन्न पदों पर चयन किया जाएगा। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

नगर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव की धूम झांकियों की सजावट के साथ हो रहे भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बारिश की बाधा के बीच गणेश भक्तों में बना भारी उत्साह



नगर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव की धूम बनी हुई है। जब बारिश नहीं होती तो भारी संख्या में श्री गणेश के भक्त महिला पुरुष बच्चे नगर के विभिन्न हिस्सों में विराजे श्री गणेश की प्रतिमाओं के दर्शन प्रार्थना करने निकल पड़ते हैं। पिछले दिनों में रात में बारिश की बाधा भी दर्शनार्थियों एवं गणेश उत्सव समितियो के लिए परेशानी का कारण बनी रही। इसके बाद भी गणेश भक्तों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

भजन कीर्तन- नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान समितियो द्वारा आकर्षक विशाल पंडालो और झांकियां की सजावट की गई है। नगर के छोटा बाजार चौधरी चौक होली चौक पशु चिकित्सालय के पास नाहर कॉलोनी नाहर नगर किनगी रोड दाल मिल मोहल्ला बस स्टैंड के आसपास के साथ क्षेत्र के ग्राम धोखेड़ा नयागांव कलां महेश्वर बाग पिपरिया कामतोन भोडिया खरगोन में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर सुबह शाम पूजन आरती के दौरान भीड़ का नजारा बना रहता है। अनेक गणेश उत्सव समितियां द्वारा प्रतिदिन संगीतमय आरती के साथ भक्ति भाव से रात्रि में भजन कीर्तन का संगीतमय आयोजन कर विघ्नहर्ता गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

स्कूलों में विराजे गणपति- शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों में भी रिद्धि सिद्धि बुद्धि के दाता प्रथम पूज्य श्री गणेश का उत्सव मनाया जा रहा है। स्कूलों में प्रतिमा स्थापित कर झांकियां सजाकर गणपति जी की पूजन आरती में स्कूल प्रबंधन के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति हो रही है।

आत्म शुद्धि के लिए इच्छाओं का रोकना ही तप है : विमल सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



तप का अर्थ केवल उपवास करना नहीं, बल्कि शरीर, वाणी और मन पर नियंत्रण रखना भी है उपवास, त्याग आदि बहिरंग तप के अंतर्गत आते हैं, जबकि मौन रहना, अपशब्दों से बचना तथा क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे कषाय भावों का त्याग अंतरंग तप का हिस्सा है। सुख-दुख, प्रशंसा-निंदा तथा मित्र-शत्रु के प्रति राग-द्वेष से मुक्त होकर समभाव बनाए रखना भी उत्तम तप का महत्वपूर्ण स्वरूप है। उक्त संदेश मुनि विमल सागर ने पर्यूषण पर्व के सप्तम दिवस उत्तम तप धर्म की महिमा बताते हुए दिया।

महाराज श्री ने सोने का उदाहरण देते हुए बताया कि 24 कैरेट सोना बनने के लिए सोने को कितना तपाया जाता है उसके बाद ही वह है गुणवत्तापूर्ण कहलाता है इसी प्रकार हमारा यह शरीर आत्म शुद्धि के लिए तपाया जाए तो हम मोक्ष मार्ग का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं उन्होंने बताया कि यश, कीर्ति या किसी सांसारिक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए तप नहीं करना चाहिए। तप करने का मुख्य उद्देश्य निस्वार्थ भाव से आत्मशुद्धि होना चाहिए। तप से आत्मा पर कर्मों का भार कम होता है और मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त करने में सहायता मिलती है। उत्तम तप का वास्तविक उद्देश्य शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि आत्मा को विकारों से मुक्त करना है। तप तभी सार्थक है, जब उसके साथ मन की शुद्धि और भावों की निर्मलता जुड़ी हो। उन्होंने कहा कि उपवास के साथ क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों पर विजय पाने का प्रयास भी जरूरी है।

प्रतिवर्ष तिल बराबर बढ़ती प्रतिमा, मनोकामनाएं होती पूर्ण

विंध्य पर्वत की पहाड़ी पर विराजे श्री तिल गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

6 भुजाओं वाले भगवान गणेश की पूजन दर्शन करना कठिन और चुनौती पूर्ण



तहसील के ग्राम उदयगिरि के पास विंध्य पर्वत की ऊंची पहाड़ी पर तिल गणेश का मंदिर सदियों से नर्मदा क्षेत्र के निवासियों के लिए भारी आस्था का स्थान बना हुआ है। पपलई वन विभाग के नाके के आगे उबड़ खाबड़ कच्चे रास्ते से पहाड़ी तक और लगभग 1000 फीट ऊंची चोटी की सीढ़ियां चढ़ने के बाद 6 भुजा धारी सिद्ध तिल गणेश के दर्शन और पूजन प्रार्थना का श्रद्धालुओं को अवसर प्राप्त होता है।

प्रतेक चतुर्थी 10 दिवसीय गणेश उत्सव एवं माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर तिल गणेश पर मेला भरने की प्राचीन परंपरा बनी हुई है। ऐसी मान्यता है कि ऊंची पहाड़ी पर जामगढ़ में निवास करने वाले जामवंत ने गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की थी। पहाड़ी पर भारी चट्टानों के बीच गुफा और पहाड़ी के पास से देवरी से बाड़ी तक बनी विशाल पत्थरों की दीवाल के अवशेष बिखरे देखे जा सकते हैं। तिल गणेश का मंदिर सिंघोरी अभ्यारण क्षेत्र के अंतर्गत आता है दो-तीन किलोमीटर के दायरे में जामगढ़ भगदेही और बापौली धाम के ऐतिहासिक मंदिर गुफा तालाब भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजा प्रार्थना के स्थान है।

तिल बराबर बढ़ती प्रतिमा- ऐसी मान्यता और ग्रामीणों का कहना है कि ऊंची पहाड़ी पर विराजे छह भुजाओं वाले श्री गणेश की प्रतिमा वर्ष में तिल बराबर बढ़ने से अब आकार लगभग साढ़े तीन फिट हो गई है। प्रतिमा की स्थापना द्वापर में जामवंत जी द्वारा की गई थी जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से प्रार्थना मनोकामना करता है। अवश्य पूर्ण होती है चतुर्थी तिथि पर भारी संख्या में श्री गणेश भक्त तिल गणेश पहाड़ी मंदिर में पहुंचकर पूजन अभिषेक करते हैं। श्रद्धालुओं के सहयोग से पहाड़ी पर सीढ़ियां और चोटी पर मंदिर का निर्माण होने से कुछ सुविधा बढ़ गई है परंतु बिजली पानी और मार्ग की परेशानी आज भी बनी हुई है।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा प्रथम से स्नातकोत्तर कोर्स तक छात्रवृत्ति के लिए अपने आवेदन 25 नवंबर तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। छात्रवृत्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं गणेश राम आंयु :- 51 वर्ष पुत्र :- स्व. श्री हल्कू राम जाति :- विश्वकर्मा निवासी :- हाउस नं. 72, चंद्र शेखर मार्ग, विदिशा म.प्र. । यह कि मेरा आधार कार्ड कं. 9687 5115 7900 है जिसमें मेरा नाम गणेश राम (GANESH RAM) दर्ज है जो कि पूर्णत सत्य व सही है मेरे द्वारा एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम ब्रांच विदिशा में दिनांक 28.07.2009 में ली गई थी, जिसका पॉलिसी कं. 353755636 है। उक्त पॉलिसी में मेरे. पुराने दस्तावेजो के आधार पर मेरा नाम हल्के राम विश्वकर्मा (HALKE RAM VISHWAKARMA) दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड-पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो के आधार पर उक्त पॉलिसी में मेरा नाम हल्के राम विश्वकर्मा (HALKE RAM VISHWAKARMA) के स्थान पर गणेश राम (GANESH RAM) दर्ज कराने हेतु मेरी ओर से यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा हैं। यह कि मेरे नाम को लेकर किसी प्रकार का विवाद होता है तो उसकी सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी स्वयं की रहेगी।
शपथ पत्र 76AA 943311

ग्रामीणों का आरोप, मिलीभगत से चल रहा है सारा खेल

पूर्व वनरेंज क्षेत्र में अवैध फरसी, मुरुम उत्खनन, वनभूमि पर अवैध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सामान्य वन मंडल कार्यालय पूर्व वनरेंज सर्किल में सैकड़ों एकड़ वनभूमि पर अतिक्रमण और अवैध मुरम फरसी उत्खनन लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते जंगल खत्म होते जा रहे हैं। वहीं वनभूमि पर अवैध रूप से बोल्डर फर्शी उत्खनन का खेल पत्थर माफियाओं द्वारा जमकर किया जा रहा है। पूर्व वनरेंज में करीब 50 एकड़ क्षेत्र में भारी संख्या में सागौन और अन्य प्रजाति के पेड़ काटे जा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां लगाए गए तार फेंसिंग, गेट, खंभे और तार भी गायब कर दिए गए। इसके अलावा मिट्टी मुरम भसुआ की बड़ी-बड़ी खुदाई कर गहरे गड्ढे बना दिए गए हैं। पूर्व वनरेंज के करहोद, कानपोहरा हकीमखेड़ी में अतिक्रमण की शिकायत ग्रामीणों ने पूर्व में कलेक्टर तक की थी। कई ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर उक्त वन क्षेत्र में अवैध कब्जे हटाने की मांग की थी, लेकिन जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार विभाग के आला अफसरों द्वारा सख्त रवैया न अपनाना कई सवाल खड़े करते हैं।





वनभूमि में हो रही खेती

पहले सिर्फ जंगल क्षेत्र में कब्जा कर खेती की जा रही थी। लेकिन अब वनभूमि से लगी जमीन पर भी बाउंड्री लगाकर धीरे-धीरे दखल किया जा रहा है। कई जगहों पर पेड़ काट दिए गए हैं, मिट्टी और मुरम निकालकर बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए गए हैं। यहां तक कि पहाड़ी क्षेत्र में भी सेंध लगाकर निर्माण की तैयारी देखी जा सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। पत्र और ज्ञापन देने के बावजूद अब तक किसी तरह की सख्त कार्रवाई नहीं हुई। वहीं जिला प्रशासन का कहना है कि वनभूमि का मामला राजस्व विभाग के अधीन नहीं आता, इसलिए कार्रवाई की जिम्मेदारी पूरी तरह वन विभाग की है।

कांग्रेस-भाजपा जिलाध्यक्ष के अपने तर्क

कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने जिले में वन क्षेत्र घटने पर चिंता जताई है, उन्होंने वनभूमि में अतिक्रमण और अवैध उत्खनन का बढ़ना सत्ता का संरक्षण बताया। कहा कि प्राकृतिक आपदा आने का कारण ही वन क्षेत्र कम होना है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जिले में वनभूमि में अवैध गतिविधियां रोकने और वन को सुरक्षित करने के लिए डीएफओ प्रतिभा शुक्ला से चर्चा की जाएगी।

बीट-132 में हरे पेड़ों पर चल रही धड़ल्ले से आरी

गैरतगंज तहसील में वन माफिया का आतंक बढ़ गया है। गोपालपुर, खिड़की और बंडोली गांव से लगे वन विकास निगम के बीट नंबर-132 के जंगल में लकड़ी तस्करों द्वारा खुलेआम हरे-भरे पेड़ काटे जा रहे हैं। साथ ही वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है। इससे नाराज तीनों गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्टर रायसेन और वन महकमे के एसडीओ रजनीश कुमार शुक्ला को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर-एसडीओ को दिए आवेदन में लिखा है कि यहां कुछ लोगों द्वारा वन विकास निगम की शासकीय वन भूमि पर कथित रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है। जंगल में लगे हरे-भरे पेड़ों को दिन-दहाड़े काटा जा रहा है। जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अगर अभी नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में पूरा वन क्षेत्र अवैध कब्जा में चला जाएगा।

ग्रामीणों की 3 मांग

1. बीट नंबर 132 का तत्काल मौका निरीक्षण और सीमांकन कराया जाए।
2. काटे गए पेड़ों और अवैध कब्जे की जांच कर अतिक्रमण बेदखल किया जाए।
3. दोषियों पर वन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई हो।

लकड़ी तस्करों पर हो कानूनी कार्रवाई

आवेदन में गोपालपुर, खिड़की, बंडोली के मकार सिंह, मनेश, प्रमोद चंद्रवंशी, महाराज सिंह, देवी सिंह, प्रकाश सिंह, खिलान सिंह, इसरार खान सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने जंगल कटाई अवैध अतिक्रमण का विरोध किया है। कलेक्टर कार्यालय ने जांच के लिए वन मंडलाधिकारी को पत्र भेजने का आश्वासन दिया है।

इनका कहना है...

आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है। इन सारे मामलों की जांच करवाकर अवैध पत्थर फ़र्शी उत्खनन तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

रजनीश शुक्ला, एसडीओ रायसेन

पुरानी मजदूरी के पैसों को लेकर हुआ था विवाद

युवक की चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या का खुलासा, आरोपी तीन भाई गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/मंडीदीप

पुरानी मजदूरी के पैसों को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना के महज कुछ घंटों बाद मंडीदीप पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल चाकू, छुरी और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। एसपी आशुतोष गुप्ता, थाने के टीआई रंजीत सराठे के अनुसार घटना बीती रात करीब 10 बजे की है। पुरानी मजदूरी के पैसों को लेकर जगदीश लोधी का सूरज गुर्जर और उसके दो भाइयों से विवाद हो गया। बहस के दौरान तीनों आरोपियों ने एक राय होकर जगदीश पर जान से मारने की नीयत से चाकू छुरियों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसकी पीठ और छाती पर कई ताबड़तोड़ वार किए। गंभीर चोट लगने से जगदीश की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।एसपी गुप्ता एएसपी दीपक नायक के निर्देश पर अलग-अलग पुलिस अधिकारियों की टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश घटना की सूचना मिलते ही मंडीदीप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हत्या की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गईं। पुलिस ने पूछताछ, मुखबिर तंत्र और तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीमों ने घटना से जुड़ी कड़ियों को जोड़ते हुए तीनों आरोपियों तक पहुंच बनाई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

तीनों आरोपी भाई, मंडीदीप में रह रहे थे

पुलिस ने मामले में साहब सिंह उर्फ लग्गा गुर्जर (32), सूरज गुर्जर (24) और प्रेमनारायण गुर्जर (26) को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी सगे भाई हैं और मूल रूप से ग्राम पाली, देहात, पचमढ़ी रोड, थाना पिपरिया, जिला नर्मदापुरम के रहने वाले बताए गए हैं। वर्तमान में तीनों शनिवारा मार्केट, मंडीदीप में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक साहब सिंह गुर्जर के कब्जे से मोटरसाइकिल, सूरज गुर्जर से लोहे का चाकू और प्रेमनारायण से लोहे की छुरी जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि सूरज के खिलाफ पूर्व में अड़ीबाजी का मामला दर्ज है।जबकि प्रेमनारायण के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट और अड़ीबाजी से संबंधित अपराध पहले से दर्ज होना बताया गया है।

मेहका की बेटी हीमा बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



सिलवानी। तहसील के आदिवासी गांव मेहका की बेटी हीमा जगेत ने मेहनत और संघर्ष के दम पर सफलता की नई मिसाल कायम की है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से उनका चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने पढ़ाई जारी रखी। जवाहर नवोदय विद्यालय बाड़ी से 12वीं तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद भोपाल में उच्च शिक्षा ली। करीब पांच साल के प्रयास के बाद सहकारिता विभाग में उप अंकेक्षक बनीं। वर्ष 2025 में जीएसटी विभाग में कराधान सहायक पद पर चयन हुआ। नौकरी के साथ तैयारी जारी रखते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।

सांदीपनि में सेवा संकल्प अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बाड़ी में विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड बाड़ी के विभिन्न विद्यालयों एवं संकुल केंद्रों से छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता से तीन-तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। मुख्य अतिथि सरबजीत सिंह अटवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ओजपूर्ण उद्बोधन दिया तथा विकसित भारत-2047 की संकल्पना पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का विकासखंड शिक्षा अधिकारी बाड़ी दुर्गेश कुमार नामदेव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता, रचनात्मकता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



सवालों के घेरे में एंबुलेंस व्यवस्था

फर्जी मरीज का कथित रेफर के बाद निजी काम से गैरतगंज जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन / गैरतगंज

एक बार फिर एंबुलेंस व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि एक एंबुलेंस में मरीज का कथित रूप से फर्जी रेफरल तैयार किया गया और इसके बाद एंबुलेंस रायसेन से गैरतगंज निजी काम के लिए रवाना हो गई। एक तरफ जरूरतमंद मरीज एंबुलेंस के इंतजार में परेशान होते हैं वहीं दूसरी तरफ सरकारी स्वास्थ्य सुविधा के लिए उपलब्ध वाहन के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एंबुलेंस वास्तव में मरीज को लेकर जा रही थी या रेफरल का इस्तेमाल केवल वाहन को निजी काम के लिए ले जाने के लिए किया गया। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह गंभीर मामला हो सकता है। ऐसे में संबंधित विभाग द्वारा एंबुलेंस की जीपीएस लोकेशन, रेफरल दस्तावेज, मरीज की जानकारी और वाहन के मूवमेंट रिकॉर्ड की जांच कर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। अब सवाल मरीजों के लिए उपलब्ध एंबुलेंस का निजी इस्तेमाल किसकी अनुमति से हुआ और इस पूरे मामले की जवाबदेही किसकी तय होगी।



इनका कहना है...

हमने 108 जननी एक्सप्रेस के टोल फ्री नंबर पर कॉल किया तो उनका कहना था कि इस रूट पर कोई गाड़ी उपलब्ध नहीं है, जिसके बाद मरीज की हालत को देखते हुए हमे निजी वाहन से बेगमगंज से रायसेन जिला अस्पताल आना पड़ा।

अभिलाष नायक, गर्भवती महिला के परिजन निवासी बेगमगंज।

मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है हमने कंपनी के मैनेजर को कॉल करके जानकारी मांगी जो जानकारी दी उसका परीक्षण करने पर फर्जी मरीज की एंट्री सामने आई है उसके बाद जिला प्रशासन को पत्र लिखकर कार्यवाही के लिए लेख किया है शीघ्र कम्पनी पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

डॉ एमडी भारती, नोडल अधिकारी 108 एम्बुलेंस रायसेन।

श्री हनुमान मंदिर की 65 साल पुरानी परंपरा रोकने का आरोप

समिति ने पुजारी को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के वार्ड नंबर-4 स्थित प्राचीन रामपुर श्री हनुमान मंदिर में 65 साल पुरानी जय रघुवीर जय महावीर समिति रायसेन की परंपरा को रोकने का मामला तूल पकड़ गया है। मंगलवार को दोपहर जय महावीर तेरी जय रघुवीर समिति के सैकड़ों सदस्य कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर पुजारी को हटाने की मांग की। समिति के सदस्यों चिमन कुशवाह, शिवकुमार खत्री, बंशी कुशवाह, राहुल परमार का आरोप है कि हनुमान मंदिर परिसर श्रीरामपुर में वीर हनुमान का मुखौटा उठाने से पहले होने वाली करीब 40 दिन की कठिन साधना और अभ्यास की परंपरा को मंदिर के पुजारी द्वारा रोका जा रहा है। जबकि यह परंपरा पिछले 65 सालों से चली आ रही है। समिति के लोगों ने बताया कि मुखौटा उठाना कोई सामान्य कार्य नहीं है। इसके लिए साधक को 40 दिन तक कठिन नियमों साधना का पालन करना पड़ता है। पुजारी द्वारा मनमानी करने से आस्था को ठेस पहुंच रही है। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्राचीन परंपरा को यथावत रखा जाए और विवादित पुजारी को हटाकर नए पुजारी की नियुक्ति की जाए। कलेक्टर ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गुलगांव में पुलिस और आबकारी विभाग का छापा

3,000 किलो महुआ लहान नष्ट, 3 लाख का माल ज़ब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

जिले में अवैध शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक को अंजाम दिया है। थाना पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलगांव और उससे लगे दुर्गम 'कालापीला' जंगल क्षेत्र में दबिश देकर अवैध शराब बनाने के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।

बुधवार को हुई इस छापामार कार्रवाई में लगभग 3000 किलो महुआ और गुड़ का लहान बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। आबकारी विभाग को लंबे समय से क्षेत्र में अवैध शराब बनाए जाने की शिकायतें और सटीक मुखबिर सूचनाएं मिल रही थीं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं मंडल प्रभारी बबीता भट्ट तथा आबकारी उपनिरीक्षक (वृत रायसेन) शैलेन्द्र भील के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने सबसे पहले ग्राम गुलगांव के कुछ चिन्हित संदिग्ध मकानों की सघन तलाशी ली। इसके बाद टीम ने गांव से सटे घने कालापीला जंगल क्षेत्र में दबिश दी। जांच के दौरान अधिकारियों को जमीन में बड़े-बड़े गड्ढे मिले, जिनमें लहान से भरे बर्तन दबाकर रखे गए थे। टीम ने गड्ढों से लहान बाहर निकाला और उसे वहीं नष्ट कर दिया। पुलिस और आबकारी विभाग ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं।



उमंग है तो जिंदगी में रंग है थीम पर उमंग दिवस उत्साह व उल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज।

पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उमंग है तो जिंदगी में रंग है थीम पर उमंग दिवस का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच, जीवन कौशल, जेंडर समानता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल हॉस्पिटल के डॉ. मितेश देवल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआरसी अर्जुन सिंह सिसोदिया, संस्था प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार पटेल, उमंग स्वास्थ्य केंद्र से आरकेएसके परामर्शदाता अमित शर्मा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय सुनहरा से दीपक कटारे एवं उमंग हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर विनोद जाटव उपस्थित रहे। मंच संचालन विजय कौशिक ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उमंग है तो जिंदगी में रंग है थीम पर आकर्षक रंगोली एवं मेहंदी बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने उमंग स्वास्थ्य केंद्र से जुड़कर अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की सफलता की कहानियां भी साझा कीं। अंत में प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार पटेल ने सभी अतिथियों शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।



झांकी समितियों ने की विशेष साज-सजावट, महाआरती में जुट रही भक्तों की भीड़

श्रद्धालुओं को लुभा रहीं पंडालों में विराजमान भगवान गणेश की झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में साठ से ज्यादा भगवान गजानन की बिजली रोशनी से झिलमिलाती मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं हुई हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ झांकी पंडालों में भगवान गिरजानंदन गणेश की झांकियों के दर्शन करने पहुंच रही है। कहीं कालिया नाग पर नृत्य करते कान्हा तो कहीं श्रीकृष्ण भोलेनाथ के नंदी पर सवार स्वरूप में गणेश जी दर्शन दे रहे। सार्वजनिक मंडलों द्वारा भगवान श्रीगणेश जी की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही आकर्षक झांकियां भी सजाई गई हैं। सामाजिक-धार्मिक के साथ ही समसामयिक विषयों पर बनाई गई झांकियां श्रद्धालुओं को खूब लुभा रही हैं। गणेश झांकी आयोजकों ने बताया कि इस बार की प्रतिमा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि गणपति के स्वरूप में भगवान विष्णु के दसों अवतारों को समाहित किया गया है। साथ ही पंडाल में अखंड भारत की भव्य झांकी भी सजाई गई है, जिसे देखने के लिए शाम होते ही बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।



शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजित गणेश

नवयुवक मंडल ज्ञान यादव, गौतम यादव मित्र मंडली द्वारा न्यू मार्केट में लगाई झांकी पंडाल में भगवान लंबोदर की प्रतिमा श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं। इस गणेश जी की झांकी को देखने शाम से ही भीड़ जुट रही है। इस साल भी श्रीरामलीला मैदान में रामलीला के राजा यानि भगवान गणेश रिद्धि सिद्धि संग विराजे हैं। भगवान गजानन को दस भुजाधारी मारुति नंदन आशीर्वाद की मुद्रा में दर्शाया गया है। नवयुवकों द्वारा लगाई जा रही लगातार इस गणेश झांकी का सिल्वर जुबली वर्ष है। शहर की गोल्डन सिटी कॉलोनी वार्ड नंबर 4 में 14 फीट ऊंचे अनोखे गणपति बप्पा बिराजे हैं, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

अथाई में डांडिया महारास के साथ गणेशजी के दर्शन

नवयुवक श्री गणेश सेवा समिति द्वारा स्थापित वार्ड नंबर तीन अथाई के राजा भगवान गणेश भक्तों को सखी के संग डांडिया महारास करते हुए भक्तों को मनमोहक रूप में दे रहे हैं दर्शन। अथाई के राजा भगवान गणेश की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है।